हरियाणा विधान सभा

वीरवार, 18 मार्च, 2021

को होने वाली हरियाणा विधान सभा की बैठक में पूछे जाने वाले

अतारांकित प्रश्न

प्रतिबन्ध के पश्चात् राशन कार्ड बनाना

252. श्री जगबीर सिंह मलिक, एम०एल०ए० : क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में खाकी फार्म अर्थात् नया राशन कार्ड बनाना बन्द कर दिया गया है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रतिबन्ध के लागू होने के बाद सरकार द्वारा बनाए गए राशन कार्डों का जिलावार ब्यौरा क्या है तथा इस विषय में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है?

तालाबों का नवीनीकरण कार्य आरम्भ करना

346. श्री नीरज शर्मा, एम०एल०ए० : क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या सरकार द्वारा आदर्श तालाब योजना के अन्तर्गत फरीदाबाद, एन.आई.टी. विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में डाबूआ, बजरी, गाजीपुर, गोच्छी, झारसन्तली तथा नांगला के तालाबों को सम्मिलित किया है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त तालाबों का नवीनीकरण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है?

खिलाड़ियों को नौकरी देने की नीति

253. श्री जगबीर सिंह मलिक, एम०एल०ए० : क्या खेलकूद तथा युवा मामले राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) राज्य में राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय खेलों में उनके प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों को नौकरी देने के लिए सरकार की नीति क्या है;

(ख) क्या वर्ष 2015 के पश्चात् सरकार द्वारा उपरोक्त नीति को बदल दिया गया था; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) राज्य में सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में खिलाड़ियों को दी गई नौकरियों का ब्यौरा क्या है तथा 2015 से नई योजना के बनने तक नौकरी के रैंक तथा ग्रेड अर्थात् वर्ग I, II, III का ब्यौरा क्या है?

चीनी मील की क्षमता

254. श्री जगबीर सिंह मलिक, एम०एल०ए० : क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में चीनी मीलें अपनी क्षमता से अधिक गन्नों की पिराई कर रही हैं; यदि हां, तो वर्ष 2019–20 में प्रत्येक चीनी मील द्वारा की गई गन्ने की पिराई का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या गन्ना किसानों को 72 घण्टों के अन्दर भुगतान किया गया था; तथा

(ग) क्या भुगतान में देरी के लिए किसानों को कोई ब्याज दिया गया था?

विभिन्न एजेंसियों से ऋण

255. श्री जगबीर सिंह मलिक, एम०एल०ए० : क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) हरियाणा राज्य के बनने से लेकर 2014 तक तथा 2014 से आज तक सरकार द्वारा विभिन्न एजेंसियों से लिए गए ऋणों का ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) उन एजेंसियों का ब्यौरा क्या है जिनसे उपरोक्त ऋण लिए गए हैं?

राजेन्द्र कुमार नांदल,
सचिव,
हरियाणा विधान सभा।

चण्डीगढ़ :
दिनांक 12 मार्च, 2021.

58157—H.V.S.—H.G.P., Chd.